झारखण्ड सरकार

**झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।**

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (शि0) सरायकेला–खरसावाँ / PDS–24 / 2022 – 790

प्रेषक,

**संजय कुमार**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

**सचिव**
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः– 9.10.2023

विषयः– **श्री रमेश हाँसदा, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य, भाजपा (अनु0ज0जा0 मोर्चा), पता–बाघराइसाई, पो0–गोविन्दपुर, थाना–राजनगर, जिला–सरायकेला–खरसावाँ से प्राप्त परिवाद पत्र पर कार्रवाई के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि श्री रमेश हाँसदा, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य, भाजपा (अनु0ज0जा0 मोर्चा), पता–बाघराइसाई, पो0–गोविन्दपुर, थाना–राजनगर, जिला–सरायकेला–खरसावाँ का परिवाद पत्र आयोग को प्राप्त हुआ है। श्री हाँसदा द्वारा आपूर्ति विभाग की लापरवाही के कारण 74 हजार मिट्रिक टन अनाज का हिसाब नहीं मिल पाने एवं इस कारण केन्द्र सरकार द्वारा राज्य को अनाज नहीं दिये जाने का आरोप लगाया गया है। साथ ही दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में भी इससे संबंधित समाचार प्रकाशित होने का भी उल्लेख किया गया है। परिवाद पत्र में सरायकेला–खरसावाँ जिले में माह दिसम्बर, 2022 में लाभुकों को कम चावल वितरण किये जाने का उल्लेख करते हुए इस मामले में भी दोषियों पर कार्रवाई हेतु अनुरोध किया गया है।

अतः प्राप्त परिवाद पत्र की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने की कृपा की जाय।

**अनु0–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

9/10/23

**(संजय कुमार)**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\PC-06\Dropbox\Anju @\Letters.docx76

**रमेश हांसदा**
राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य
भाजपा (अनुसूचित जनजाति मोर्चा)
मो०–9431374481, 7903176110

**भारतीय जनता पार्टी**

(187)

पत्रांक : STm/69/2023.                                                  दिनांक : 13/9/2023

सेवा में,

मानणीय अध्यक्ष,
झारखण्ड खाद्य आयोग

विषय :- 50 हजार मिट्रिक टन अनाज गायब, दोषियों पर कार्यवाही सुनिश्चित हेतु आवेदन

महोदय,

पिछले दिनों राज्य में आपूर्ति विभाग के लापरवाही और गैर जिम्मेदारना पूर्ण रवैया के कारण 74 हजार मिट्रिक टन अनाज का राज्य सरकार के पास हिसाब नहीं मिल पा रहा है जिस कारण केन्द्र सरकार ने झारखण्ड राज्य को अनाज नहीं दे रही थी परन्तु गरीब जनता भुखे नहीं मरें इसलिए केन्द्र सरकार ने पुनः 5000 टन अनाज उपलब्ध कराने की सूचना आज हिन्दुस्तान अखबार में छपे खबर से मिली।

महोदय, 2022 दिसम्बर को चावल भी सराईकेला-खरसावा जिला को नहीं मिला जिसका मामला आपके के अधीन है। दिसम्बर 2022 को जिला में जनता को कम लोगो को ही चावल मिल पाया जिसकी स्वीकारोक्ती जिला आपूर्ति पदा० ने भी की। राज्य में अरबों रूपया का चावल ~~चाव~~ गायब होना बहुत बड़ी घोटाला हो सकता है। हजारों क्विंटल चावल का हिसाब नहीं मिलना एक बड़ा वित्तिय अनियमितता या घोटाला है।

अतः महोदय से आग्रह है कि उपरोक्त मामले की जान्च कर दोषियों ऊपर कार्यवाही हो ताकी भविष्य में इस तरह की लापरवाही से आम जनता को भुखे मरनी न पड़े।

धन्यवाद,

रमेश हांसदा
13/09/2023

131
18.9.23

18/9/23

विनोद
18/09/23

आवास : बाघराइसाई, पो० – गोविन्दपुर, थाना – राजनगर, जिला – सरायकेला खरसांवा, झारखंड